# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) भदोही–221304
E-Mail Id-eeupjnsrn@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473942678

डाउनलोड जल सारथी ऐप

पत्रांक 4240 / कार्य–65 / 31 दिनांक– 05.08.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषय :– **दैनिक भास्कर के न्यूज ई–पेपर में दिनांक 04.08.2026 में प्रकाशित '' दुगुना में जल जीवन मिशन अधूरा, पानी में कीड़े : ओवरहेड टैंक तैयार, 70 प्रतिशत पाइप लाइन बिछाने का काम बाकी'' होने के सम्बन्ध में।**

**महोदय**

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर के न्यूज ई–पेपर में दिनांक 04.08.2026 में प्रकाशित '' दुगुना में जल जीवन मिशन अधूरा, पानी में कीड़े : ओवरहेड टैंक तैयार, 70 प्रतिशत पाइप लाइन बिछाने का काम बाकी'' होने के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड – डीघ, स्थित दुगुना पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित नकारात्मक न्यूज प्रकाशित किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध मे सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गत जनपद में प्रत्येक ग्रामवासी को शुद्ध जलापूर्ति कराये जाने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा अगस्त 2019 में जल जीवन मिशन योजना की शुरूआत की गयी थी। जनपद में फेज।। के अन्तर्गत चयनित एजेन्सी वेलस्पन इण्टर प्राइजेज द्वारा ग्राम पंचायत दुगुना उपरवार (सम्मिलित राजस्व ग्राम दुगुना उपरवार, परसनी उपरवार) में पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। योजना में प्रस्तावित घटक यथा नलकूप, पम्प हाउस, शिरोपरि जलाशय, पाइप लाइन, सोलर पैनल, बाउण्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। गृह जल संयोजन का कार्य प्रस्तावित लक्ष्य के सापेक्ष व्यक्तिगत संसाधन होने / रूचि न लेने के कारण लगभग 10 प्रतिशत अवशेष है, जिसे जन जागरूकता के माध्यम से शतप्रतिशत कराने का प्रयास किया जा रहा है। **उक्त योजना से नियमित रूप से क्लोरिनयुक्त जलापूर्ति करायी जा रही है। जल में कीड़े निकलने का आरोप निराधार एवं असत्य है।** राजस्व ग्राम परसनी उपरवार में पाइप लाइन लिकेज होने के कारण उक्त राजस्व ग्राम में आंशिक जलापूर्ति करायी जा रही है। शीघ्र ही लीकेज मरम्मत का कार्य कराते हुये शतप्रतिशत जलापूर्ति करायी जायेगी। जिसकी पुष्टी ग्राम प्रधान द्वारा अपने पत्र दिनांक 04.08.2026 (छाया प्रति संलग्न) के माध्यम से की गयी है।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।







भवदीय

अधिशासी अभियन्ता